ताज महल से प्यारा खाटू धाम है

ताज महल से प्यारा खाटू धाम है,
लाल किले से प्यारा तोरण दरबार है,

सात अजूबे इस दुनिया में प्यारे है,
और सबसे प्यारे बाबा श्याम हमारे है,
लाल किले से प्यारा तोरण दरबार है,
ताज महल से प्यारा खाटू धाम है,

खाटू की लकड़ी किसी चंदन से कम नहीं,
खाटू की गलियां कोई लंडन से कम नहीं,
हर प्रेमी को मिले यहाँ उपहार है,
लाल किले से प्यारा तोरण दरबार है,
ताज महल से प्यारा खाटू धाम है,

गंगा यमुना जैसा पावन श्याम कुंड का जल,
खाटू आ कर ले जा प्यारे हर मुश्किल का हल,
तेरे लिए हर पल बाबा त्यार है,
लाल किले से प्यारा तोरण दरबार है,
ताज महल से प्यारा खाटू धाम है,

चूरमा खाटू का तो संकट को चूर करदे,
दर्शन बाबा के आँखों में सब के नूर भर दे,
मित्तल की जान इनपे तो नीशार है,
लाल किले से प्यारा तोरण दरबार है,
ताज महल से प्यारा खाटू धाम है,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8854/title/taaj-mehal-se-pyara-khatu-dhaam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |